चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

अति आवश्यक/महत्वपूर्ण

पत्रांक : गोप0/ 2653
दिनांक : 23.6.26

विज्ञप्ति

विषय : बी0एड0 प्रथम वर्ष सत्र 2025–27 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें जुलाई माह 2026 के प्रथम सप्ताह में आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या एवं छात्र/छात्राओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा बी0एड0 प्रथम वर्ष सत्र 2025–27 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सैद्धान्तिक परीक्षा के पश्चात् सम्पन्न करायी जायेंगी। उक्त परीक्षायें जुलाई माह 2026 के प्रथम सप्ताह से आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

अतः सम्बन्धित समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों/संस्थानों से अनुरोध है कि उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा की प्रस्तावित तिथि से छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें ताकि प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने से कोई भी छात्र/छात्रा वंचित न रहें।

प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा का महाविद्यालयवार/संस्थानवार कार्यक्रम पृथक से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट पर शीघ्र ही अपलोड किया जायेगा।

23/06

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को इस आशय से कि सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान से सम्पर्क कर स्वयं की बी0एड0 पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।
6. संकायाध्यक्ष–शिक्षा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत कम्पनी को सूचनार्थ।
8. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने तथा समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर की ई–मेल पर प्रेषित करने हेतु।
9. प्रेस प्रवक्ता को छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)